**आकाशवाणी**
**देहरादून (उत्तराखण्ड)**

**बुधवार 25.12.2024** **समय 1830**

**मुख्य समाचार :–**

- **नैनीताल जिले के भीमताल में हुई सड़क दुर्घटना में 4 यात्रियों की मृत्यु, 23 अन्य घायल।**
- **मुख्यमंत्री पुश्कर सिंह धामी ने बस दुर्घटना पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए घायलों को बेहतर उपचार देने के निर्देश दिए।**
- **राष्ट्र आज पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मना रहा है।**
- **प्रदेश में नगर निकाय सामान्य निर्वाचन को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए राज्य निर्वाचन आयोग अंतिम रूप देने में जुटा।**

## दुर्घटना

नैनीताल जिले के भीमताल में उत्तराखंड परिवहन निगम की एक बस के अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिरने से 4 लोगों की मृत्यु हो गयी। इस हादसे में 23 लोग घायल हुए है, जिसमें से 21 घायलों को सुशीला तिवारी चिकित्सालय में भर्ती किया गया है। ये बस पिथौरागढ़ से हल्द्वानी की ओर आ रही थी। नैनीताल के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रहलाद नारायण मीणा के नेतृत्व में घटनास्थल पर राहत और बचाव अभियान पूरा कर लिया गया है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस दुर्घटना पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ्य होने की कामना की है। उन्होंने इस हादसे में घायल लोगों को बेहतर उपचार देने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश पर एम्स ऋषिकेश से विशेषज्ञ चिकित्सकों के एक दल को हल्द्वानी भेजा गया है।

कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने बस हादसे के घायलों से हल्द्वानी के सुशीला तिवारी अस्पताल में मुलाक़ात कर उनका हाल जाना और अस्पताल प्रशासन से घायलों को तत्काल उचित उपचार देने के लिए निर्देशित किया। बस हादसे पर बोलते हुए कुमाऊं मंडल के आयुक्त दीपक रावत ने बताया कि घायलों को बेहतर उपचार दिया जा रहा है।

## सुशासन दिवस

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी के लिए सुशासन सिर्फ एक दिवसीय कार्यक्रम न होकर इसकी सरकारों की पहचान है। अन्य दलों की सरकारों के साथ भाजपा की सरकारों की तुलना का आह्वान करते हुए श्री मोदी ने कहा कि भाजपा की सरकारों ने सुशासन के लिए हर मानक पर हमेशा कड़ी मेहनत की है। भाजपा की सरकारें लोगों के प्रति समर्पित रही हैं। प्रधानमंत्री ने आज मध्य प्रदेश के खजुराहो में केन–बेतवा राष्ट्रीय नदी को जोड़ने वाली देश की पहली महत्वाकांक्षी और बहुउद्देश्यीय परियोजना की आधारशिला रखने के बाद यह बात कही। यह कार्यक्रम पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न दिवंगत अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती के अवसर पर आयोजित हुआ है। उनकी जयंती को प्रत्येक वर्ष सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है।

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की यादों को साझा करते हुए श्री मोदी ने कहा कि अटल जी सुशासन और सुसेवा के लिए हमेशा प्रेरणा स्रोत रहे हैं। प्रधानमंत्री ने एक हजार एक सौ अटल ग्राम सुशासन भवनों का भूमि पूजन किया। श्री मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में एक डाक टिकट और सिक्का भी जारी किया।

**स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न से अलंकृत स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती पर नई दिल्ली में उनके चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वर्गीय अटल जी एक कुशल प्रशासक, राजनीतिज्ञ और लोकप्रिय जन नेता के साथ महान वक्ता थे। श्री धामी ने कहा कि अटल जी उत्तराखण्ड राज्य के प्रणेता रहे हैं। उन्होंने न केवल उत्तराखण्ड राज्य का निर्माण किया, बल्कि राज्य के विकास के लिए आधार भी तैयार किए।

**प्राथमिक कृषि सहकारी समितियां**

केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में दस हजार से अधिक नई स्थापित बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी समितियां राष्ट्र को समर्पित की। यह समितियां पशु–पालन और मत्स्य उद्योग से भी संबंधित हैं। श्री शाह ने इस अवसर पर नवगठित समितियों को पंजीकरण प्रमाण–पत्र, रुपे किसान क्रेडिट कार्ड और लघु ए टी एम भी वितरित किए। इन्हें पंचायतों में क्रेडिट सेवाओं की पहुंच उपलब्ध कराने और वित्तीय समावेशन को प्रोत्साहन देने के लिए तैयार किया गया है। इनसे ग्रामीण आबादी को विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने और राष्ट्र की आर्थिक प्रगति में भाग लेने में मदद मिलेगी।

**क्रिसमस**

ईसा मसीह के जन्म के उपलक्ष्य में दुनिया भर में क्रिसमस का पर्व मनाया जा रहा है। इस अवसर पर लोग अपने घरों को क्रिसमस ट्री तथा रोशनी से सजाते हैं और एक–दूसरे को उपहार देकर खुशियां मनाते हैं। इस अवसर पर गिरजाघरों की भव्य सजावट की गई है और विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने क्रिसमस के अवसर पर प्रदेशवासियों, विशेषकर ईसाई समुदाय को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

**पुलिस की तैयारी**

क्रिसमस, बर्फबारी और नए साल के चलते प्रदेश में पर्यटकों की भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस लगातार गश्त, चेकिंग और यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने में जुटी है। नैनीताल में बड़ी संख्या में पर्यटकों के पहुंचने की संभावना को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रहलाद नारायण मीणा ने पर्यटकों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की है।

**नगर निकाय सामान्य निर्वाचन**

प्रदेश में नगर निकाय सामान्य निर्वाचन को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए राज्य निर्वाचन आयोग अंतिम रूप देने में जुटा है। इसी क्रम में आज चमोली के जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप तिवारी की अध्यक्षता में रिटर्निंग ऑफिसर और सहायक रिटर्निंग ऑफिसर को निर्वाचन कार्यो को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने कहा कि 27 से 30 दिसंबर तक नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किए जाएंगे। 31 दिसंबर से 01 जनवरी तक नाम निर्देशन पत्रों की जांच, 02 जनवरी तक नाम वापसी और 03 जनवरी को प्रतीक चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। निकाय चुनाव के लिए 23 जनवरी को मतदान और 25 जनवरी को मतगणना होगी। इसके लिए जिला निर्वाचन अधिकारी ने निकाय क्षेत्रों में आदर्श आचार संहिता का भी कड़ाई से पालन सुनिश्चित के निर्देश दिए।

**संक्षिप्त समाचार :-**

देहरादून शहर को स्वच्छ बनाने और स्वच्छ सर्वेक्षण में अपनी रैंकिंग सुधारने के लिए नगर निगम शहरवासियों से सहयोग लेगा। इसके लिए राजधानी देहरादून के सभी 100 वार्डों में 100 टीमें स्वच्छता अभियान चलाएंगी।

आज सुबह हरिद्वार में गंगा स्नान के दौरान गुजरात निवासी एक परिवार के दो बच्चों की गंगा में डूबने से मृत्यु हो गई।

प्रदेश में आज मौसम साफ बना हुआ है। प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में धूप खिली रही। सुबह—शाम के समय शीतलहर और कोहरे के चलते तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। वहीं, पर्वतीय क्षेत्रों में पिछले दो दिन हुई भारी बर्फबारी से निचले इलाकों में ठंड बढ़ गई है। उत्तरकाशी समेत राज्य के अन्य जिलों में बर्फबारी के कारण अवरुद्ध सड़कों को खोलने के लिए जिला प्रशासन ने सभी इंतजाम किए हैं।